**पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल और व्यावसायिक शिक्षा केंद्र**
**महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक**
(A State University established under Haryana Act No. XXV of 1975)
**'A+' Grade University Accredited by NAAC**

# प्रेस नोट

डिजिटल सुरक्षा एवं एआई जागरूकता को बढ़ावा, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में 'साइबर सुरक्षा प्लस' प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**रोहतक, 02 सितम्बर।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र द्वारा विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख एवं भविष्य की तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से"साइबर सुरक्षा प्लस" प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा, डिजिटल सुरक्षा, डेटा संरक्षण तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के प्रति जागरूकता एवं व्यावहारिक दक्षता विकसित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को साइबर खतरों की पहचान, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, नेटवर्क सुरक्षा, साइबर रक्षा तंत्र तथा एआई आधारित उभरती तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर केंद्र के निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीकों के व्यापक विस्तार के साथ साइबर सुरक्षा का महत्व अभूतपूर्व रूप से बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों में रोजगारपरक एवं व्यवहारिक कौशल विकसित करना समय की आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर बढ़ रही है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य के रोजगार बाजार की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं।

प्रो. युद्धवीर सिंह ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि वे आधुनिक तकनीकी परिवेश में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह केंद्र विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने तथा उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सतत कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के 80 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा साइबर सुरक्षा प्लस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों, साइबर हमलों एवं जोखिमों की पहचान, डेटा गोपनीयता, क्रिप्टोग्राफी, नेटवर्क सुरक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न अनुप्रयोगों से संबंधित व्यापक जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं करियर उन्मुख बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में केंद्र के संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. कमलदीप, डॉ. रेणु नांदल, डॉ. हरकेश, डॉ. तरुण, डॉ. धीरध्वज एवं डॉ. हिमांशी उपस्थित रहे। सभी संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं एआई के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, नवीन तकनीकी प्रवृत्तियों तथा कौशल उन्नयन के महत्व के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा साइबर सुरक्षा संबंधी ज्ञान को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विश्वविद्यालय के इस प्रयास को विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत सराहा गया तथा इसे रोजगारोन्मुख कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

निदेशक
प. दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक